तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 अब डर हुआ दूर, जाटलूर में लगा उम्मीदों का नया...



10 पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं सहित अन्य...



## खबर संक्षेप

### विधायक ने मोबाइल ऐप से पूरी की जनगणना की प्रक्रिया



**जगदलपुर।** विधायक विनायक गोयल ने मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने परिवार की जनगणना प्रक्रिया पूर्ण की। इस अवसर पर उन्होंने तकनीक आधारित जनभागीदारी को समय की आवश्यकता बताते हुए नागरिकों से भी इस डिजिटल माध्यम को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह देश की विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला है। सटीक और समयबद्ध आंकड़े शासन को बेहतर नीतियां बनाने में मदद करते हैं जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचता है।

### वन मंत्री कश्यप ने भरा ऑनलाइन स्वगणना पत्रक

**जगदलपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप ने अपने निवास पर जनगणना प्रक्रिया के अंतर्गत



मोबाइल से ऑनलाइन स्व-गणना पत्रक भरकर नागरिक सहभागिता का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से भी जनगणना कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना पत्रक भरने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिससे शासन को जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त होती है। ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा से नागरिक आसानी से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे समय की बचत के साथ प्रक्रिया भी सरल और पारदर्शी बनती है।

### मालती को रेडक्रॉस से मिली सहायता



**जगदलपुर।** तेलीमारेंगा निवासी मालती मौर्य को उपचार हेतु आर्थिक सहायता का चेक आयुक्त डोमन सिंह तथा कलेक्टर आकाश छिकारा ने 15 हजार का प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी कार्य कर रही है। सहायता राशि मिलने पर परिजनों ने प्रशासन और रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### कांग्रेस विधि विभाग के अध्यक्ष बने विजय

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन ने कार्यकारिणी गठित की है। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुशंसा के बाद नियुक्ति आदेश जारी किया है। जिसमें अधिवक्ता अवधेश कुमार झा प्रदेश महामंत्री एवं बस्तर संभाग प्रभारी तथा अधिवक्ता विजय प्रकाश दास को बस्तर जिला अध्यक्ष कांग्रेस विधि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा दुर्ग के सौरभ ताम्रकर को प्रदेश महामंत्री और महासमुंद के राजेश डडसेना को प्रदेश सचिव बनाया गया है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व पदाधिकारी यथावत कार्य करते रहेंगे।

## खंभे गायब, सूखे पेड़ पर लटके बिजली के तार



**जगदलपुर।** नानगुर क्षेत्र के कैकाचेरबहार और धनियालुर के मुख्य मार्ग पर सूखे पेड़ पर बिजली के तार टिके हुए हैं। कुछ स्थानों पर बिजली के खंभे नहीं होने से तार को सूखे पेड़ में टिकाकर आगे ले जाया गया है। पिछले दिनों आंधी बारिश के चलते कई पुराने पेड़ जड़ से उखड़ गए और बिजली के खंभे भी गिर गए। जिसके कारण इस तरह की व्यवस्था स्थानीय स्तर के बिजली विभाग के कर्मचारियों ने की है। हरिभूमि ने नानगुर क्षेत्र से पुसपाल मार्ग पर सूखे पेड़ पर लटके बिजली के तार को कैमरे में कैद किया है।

### निर्यात योग्य सुगंधित धान की खेती व वन एरोमेटिक वेरायटी को दें बढ़ावा

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने कृषि सेक्टरों की अहम भूमिका : निगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**खास बातें**

- बीज आपूर्ति में आत्मनिर्भर बनने पर बल
- धान के रकबा में कमी लाने और मिलेट्स फसलों और दलहन तिलहन की खेती को बढ़ावा देने की बात कही
- कृषि उत्पादन आयुक्त ने संभाग स्तरीय रबी और खरीफ की समीक्षा की

विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों, दलहन-तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करें। निर्यात योग्य सुगंधित धान की खेती को प्रोत्साहित करने सहित वन डिस्ट्रिक-वन एरोमेटिक वेरायटी पर फोकस करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मद्देनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। यह निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कलेक्टोरेट में संभाग स्तरीय रबी 2025 की समीक्षा सहित खरीफ फसल सीजन 2026 के तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीफ फसल के कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए नियमित तौर पर समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 10 पर



**जैविक खेती को प्रोत्साहन देने पर बल**

एपीसी ने बस्तर में जैविक खेती की अपार सम्भावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की भूमि की उर्वरता और वातावरण जैविक खेती के लिए अनुकूल है। इसलिए अधिकाधिक किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें हरसम्भव मदद सुलभ कराया जाए। उन्होंने इस दिशा में दंतेवाड़ा जिले की तरह अन्य जिलों में भी पहले से आर्गेनिक खेती करने वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर एक से दो विकासखंडों का चयन कर प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने कहा।

**बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब**

एपीसी ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्चहन भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ पामा रोजा एवं लेमनग्रास की इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। साथ ही साग-सब्जी की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतएव भविष्य में खाद्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बस्तर में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। इस दिशा में कलस्टर बनाकर किसानों का चयन करने सहित उन्हें हरेक सहायता सुलभ कराया जाए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर संभाग के जिलों में सूरजमुखी की खेती को भी बढ़ावा देकर ज्यादा से ज्यादा रकबा में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

### सही दवा-शुद्ध आहार अभियान शुरू

# चाट-गुपचुप सेंटरों, कॉस्मेटिक्स दुकानों का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- खाद्य सामग्री तैयार करते समय एप्रन हैंड ग्लव्स एवं हेड कैप का उपयोग करने की समझाइश

सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय सघन जांच अभियान खाद्य एवं औषधि विभाग 27 अप्रैल से 11 मई तक संचालित कर रहा है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में प्रथम दिवस को टीम ने शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। सिरहासार चौक स्थित चाट एवं गुपचुप सेंटरों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संचालकों को खाद्य व्यवसाय हेतु अनिवार्य एफएसएसएआई लाइसेंस एवं पंजीयन प्राप्त करने तथा उसकी प्रति दुकान या ठेले में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ठेले एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, पीने एवं बर्तन धोने के लिए स्वच्छ पानी का उपयोग करने, ढक्कनयुक्त डस्टबिन रखने तथा केवल एफएसएसएआई मान्यता प्राप्त खाद्य रंगों का सीमित मात्रा में उपयोग ▶▶| शेष पेज 10 पर

**बिलों की जांच की गई**

वहीं पैलेस रोड, मोतीतालाब पारा एवं जैन मंदिर रोड स्थित ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक व्यवसाय से जुड़े संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रशाधन सामग्रियों के क्रय-विक्रय से संबंधित बिलों की जांच की गई। संचालकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादों के विक्रय करने के निर्देश दिए गए।

## चोरों का आतंक जारी, राम मंदिर में तीन बार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छिंदगांव में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि गांव के राम मंदिर को चोरों ने तीन बार निशाना बनाया। जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार पहली घटना कुछ दिन पहले सामने आई थी, जब मंदिर की दान पेटी में रखी नकदी गायब पाई गई। इसके बाद दूसरी बार चोरों ने मंदिर में घुसकर कीमती सामान और अन्य वस्तुएं चुरा लीं। तीसरी बार भी चोर बेखौफ होकर मंदिर में दाखिल हुए और चोरी की वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि खेती कार्य के लिए लगाए गए पानी ▶▶| शेष पेज 10 पर



**जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी**

करपावड थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दिया है । जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा। उन्होंने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## शिवानंद आश्रम में 2 मई से होगा सामूहिक कन्या विवाह समारोह

**जगदलपुर।** दिव्य जीवन संघ शाखा शिवानंद आश्रम घाटपदमुर में 2-3 मई को सामूहिक कन्या विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें 30 जोड़ों का विवाह किया जाएगा। यह एक सामाजिक सरोकार पहल है, जिसका उद्देश्य गरीब और जरुरतमंद कन्याओं का विवाह कराना है। आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय परिवारों की बेटियों का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न किया जाएगा। उक्त जानकारी आश्रम स्वामी शिवदासानंद सरस्वती, राजाराम तोड़ेम, संतोष कुमार जैन, इश्वर प्रसाद दानी एवं विकास सहारे ने दी। स्वामी शिवदासानंद सरस्वती ने बताया कि पिछले वर्ष 23 जोड़ों का सामुहिक कन्या विवाह किया गया था, इस बार 30 जोड़ों का सामुहिक कन्या विवाह करने का लक्ष्य किया गया। अब तक बस्तर संभाग के 25 जोड़ों ने पंजीयन कराया है। इसमें दो मई को सुबह 10 बजे वर-वधु एवं अतिथियों का स्वागत, 11 बजे माटी देव पूजन एवं मण्डपाच्छादन, दोपहर 12 ▶▶| शेष पेज 10 पर



# माचकोट परिक्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले 11 आरोपी गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- माचकोट परिक्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास विफल

बस्तर वन मण्डल के माचकोट परिक्षेत्र में वन भूमि के विखंडन और अतिक्रमण के विरुद्ध विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई है। सोमवार को वन अपराध प्रकरण में सुकमा जिले से आए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय जगदलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें से 6 आरोपी पूर्व में भी अन्य वन अपराध प्रकरणों में न्यायिक अभिरक्षा के लिए जेल भेजे जा चुके हैं, ये आदतन अपराधी हैं जो वन क्षेत्र को लगातार नुकसान पहुंचा रहें हैं।

आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार सभी 11 आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर ▶▶| शेष पेज 10 पर



**जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही**

बस्तर के वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वन भूमि पर अवैध कब्जे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। वन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का अवैध हस्तक्षेप संज्ञेय अपराध है। भविष्य में भी ऐसी सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

### आयुष्मान कार्ड से भी इलाज नहीं करना शासन के आदेश का उल्लंघनः कांग्रेस

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रत्येक मरीज से परामर्श शुल्क लेना अनुचित : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कलेक्टर को ज्ञापन देकर जांच की मांग की

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अनियमितताओं की जांच कर उचित कार्यवाही करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

श्री मौर्य ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश के बावजूद अस्पताल प्रबंधन प्रत्येक मरीज से परामर्श शुल्क के नाम पर 350 रुपये ले रही है। यह शासन के आदेशों की अवहेलना है। शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत के तहत पात्र बीपीएल एवं एपीएल कार्डधारियों को इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को इस योजना के लाभ से वंचित किया जा रहा है। जिला अस्पताल एवं शहीद बलिराम कश्यप शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत अनुभवी डॉक्टरों को अस्पताल प्रबंधन अधिक वेतन देकर अपने यहां रख रहा है। अस्पताल की स्थापना के समय प्रबंधन द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि वे बाहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों को लाकर सेवा प्रदान करेंगे। किंतु स्थानीय सरकारी डॉक्टरों को लेने के कारण जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज आने वाले गरीब मरीजों को विशेषज्ञ सेवाओं के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



श्री मौर्य ने बताया हमारी मांग है कि एनएमडीसी से मिल रहे करोड़ों रुपये के अनुदान को देखते हुए यहां मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की दरों पर ही सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। एनएमडीसी इस अस्पताल के संचालन हेतु प्रतिवर्ष 53 करोड़ रुपये प्रदान कर रहा हैं। जब जमीन, भवन और उपकरण शासकीय हैं और संचालन में बड़ी राशि एनएमडीसी दे रहा है तो प्रबंधन का 900 रुपए ओपीडी शुल्क और महंगी जांच दर वसूलना अनुचित है।

**ये रहे मौजूद**

*ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, प्रशांत जैन, यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा, महामंत्री अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, अल्ताफ उल्ला खान, विजेन्द्र ठाकुर, नीतीश शर्मा, सलीम अली मौजूद रहे।*

# मकान होने के बावजूद महिला किराए में रहने को है मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शहीद गुण्डाधूर वार्ड क्रमांक-45 निवासी विधवा के घर को बार-बार ताला लगाया जा रहा है। जिससे विधवा महिला किराए के घर में रहने को मजबूर है। उक्त बातें शहीद गुण्डाधूर वार्ड क्रमांक-45 ने विधवा 55 वर्षीय श्रीमती बालो कश्यप ने पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कही। विधवा बालो कश्यप ने बताया कि उसने बताया कि वह डोंगरीपारा शहीद गुण्डाधूर वार्ड क्रमांक-45 की मूल निवासी हैं। पति के मृत्यु के बाद में दूसरों के घरों में काम करके अपने परिवार का पालन, पोषण कर रही हूं, कोई पुत्र नहीं है, पांच पुत्रियां हैं। वर्तमान में निवासरत जर्जर कच्चे मकान को तोड़कर नए मकान निर्माण के संबंध में नगर निगम के आयुक्त को लिखित आवेदन एवं अनुमति सूचना देकर बनवा रहीं है। इसी दौरान श्रीमती प्रेम बघेल पति फुलदास बघेल निवासी बचेली द्वारा मकान निर्माण कार्यों में अनावश्यक विवाद पर मेन गेट में ताला लगाकर मकान ▶▶| शेष पेज 10 पर

# अब डर हुआ दूर, जाटलूर में लगा उम्मीदों का नया साप्ताहिक बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के घने जंगलों के बीच बसा अबुझमाड़ कभी डर और अनिश्चितता का पर्याय था। यहां की खामोशी में अक्सर बंदूकों की आवाज गूंजती थी। लोगों का जीवन भय के साये में सिमटकर रह गया था। लेकिन वक्त ने करवट लीऔर आज वही इलाका एक नई कहानी लिख रहा है।

कलेक्टर नम्रता जैन के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर बाजार लगाने की मांग रखी थी। कलेक्टर ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही साप्ताहिक बाजार शुरू कराने का आश्वासन दिया था। ओरछा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम जाटलूर में अब हर शनिवार साप्ताहिक हाट बाजार लगने लगा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। प्रशासन की पहल के बाद अब जाटलूर में नियमित रूप से शनिवार को हाट बाजार सजने लगा है। जहां पहले सन्नाटा पसरा रहता था, वहां अब बाजार की चहल-पहल देखने को मिल रही है। आसपास के गांवों से ग्रामीण यहां पहुंचकर अपनी जरूरत का सामान खरीद रहे हैं। बाजार में रंग-बिरंगी दुकानों के साथ ताजी सब्जियां, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध हो रहे हैं। इस पहल से न केवल ग्रामीणों को दूर मुख्यालय जाने से राहत मिली है, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है।

## शासन की योजनाएं दूरस्थ गांव तक पहुंचने लगी

### परिवर्तन की नींव बन रहे पुलिस कैंप

इस परिवर्तन की नींव बने हैं सरकार द्वारा स्थापित नए पुलिस कैंप। इन कैंपों ने केवल सुरक्षा ही नहीं दी, बल्कि लोगों के मन से डर को भी दूर किया। जहां पहले लोग घरों से निकलने में हिचकते थे, अब वहीं वे खुले मन से व्यापार कर रहे हैं, आपस में मिल रहे हैं और भविष्य के सपने देख रहे हैं।



### सुविधाएं लोगों का जीवन बदल रहीं

धीरे-धीरे सरकारी योजनाएं भी इन दूरस्थ गांवों तक पहुंचने लगी हैं। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका से जुड़ी सुविधाएं अब लोगों के जीवन को बदल रही हैं। जाटलूर का यह छोटा-सा बाजार इस बात का प्रतीक बन गया है कि जब सुरक्षा और विकास साथ चलते हैं, तो सबसे दूर और चुनौतीपूर्ण इलाके भी नई उम्मीदों से जगमगा उठते हैं।

### 75 परिवारों को मिलेगी राहत

*कुछ समय पहले तक आसपास के आठ गांवों के करीब 75 परिवारों को अपने जरूरी सामान के लिए दूर मुख्यालय तक जाना पड़ता था। सफर लंबा था, रास्ता मुश्किल और खतरे से भरा। लेकिन अब जाटलूर में ही बाजार लगने से उनकी जिंदगी आसान हो गई है। करीब 320 ग्रामीणों के लिए यह सिर्फ बाजार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और बदलाव की शुरुआत है।*

## खबर संक्षेप

### कुरंदी में वार्षिक वैशाख मेला विधायक ने की पूजा- अर्चना



**जगदलपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुरंदी में वार्षिक वैशाख मेला के दौरान माता शीतला मंदिर में आस्था, परंपरा और संस्कृति का संगम देखने को मिला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की कामना की। बाद में जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने विभाग को निर्देश दिए। पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर विधायक का स्वागत किया। उन्होंने कहा बस्तर में मेला, मड़ई का विशेष महत्व होता है। जिसमें बस्तर की कला संस्कृति, परम्परा का समावेश होता है।

### केशकाल में तेंदूपत्ता संग्रहण पर कार्यशाला का आयोजन



**कोण्डागांव/केशकाल।** वन मंडल केशकाल प्रांगण में जिला यूनियन स्तरीय तेंदूपत्ता संग्रहण कार्यशाला 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन संरक्षक लक्ष्मण सिंह भारतीय वन सेवा उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंडलाधिकारी श्रीमती दिव्या गौतम ने की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने निर्देश दिए कि केवल मानक अनुरूप एवं उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्तों की ही खरीदी की जाए। खराब, टूटे–फूटे या अनुपयुक्त पत्तों को खरीद से बाहर रखने को कहा गया। तेंदूपत्ता संग्रहण एवं संकलन को निर्धारित मानक बोरा के अनुरूप सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। फड़ों के समुचित रख–रखाव, नियमित निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए, ताकि संग्रहित पत्तों को सुरक्षित रखा जा सके। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को शासन के दिशा–निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों के अधिकारी, प्रबंधक, फड़ अभिरक्षक एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जंगल में शीतल प्याऊ बनी राहत की जीवनधारा



**कोण्डागांव।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं जंगल मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और ग्रामीणों के लिए एक सराहनीय पहल सामने आई है। वन क्षेत्र में स्थानीय लोगों और वन विभाग के सहयोग से शीतल प्याऊ की व्यवस्था की गई है, जो इस तपती गर्मी में राहत का ठिकाना बन गई है। इस प्याऊ में पारंपरिक तरीके से मिट्टी के घड़ों में ठंडा पानी रखा गया है, जिससे दोपहर की तेज धूप में सफर करने वाले लोगों को तुरंत राहत मिल रही है। खासकर दूर–दराज के ग्रामीण और जंगल मार्ग से आने–जाने वाले यात्रियों के लिए यह व्यवस्था किसी वरदान से कम नहीं है। प्याऊ के पास लगाए गए सूचना बोर्ड पर साफ–सफाई बनाए रखने और जंगल में आग से बचाव के निर्देश भी दिए गए हैं।

## समीक्षा : कलेक्टर ने की समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा

# पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं सहित अन्य अभियानों का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

■ अभियानों की तैयारी सुनिश्चित करने के भी दिए निर्देश

कलेक्टर ने सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने कार्यक्रम, नियद नेल्लानार तथा राजस्व पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की समीक्षा करते हुए सिकल सेल, टीबी, एनीमिया सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार बेहतर करने के निर्देश दिए गए। श्रम पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए शिविरों के माध्यम से अधिकाधिक पंजीयन कराने एवं निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों का अनिवार्य पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा गया। धान उठाव, कस्टम मिलिंग व राशन भंडारण की स्थिति की समीक्षा के साथ ही जनगणना के लिए सभी अधिकारियों को स्वगणना करने एवं कर्मचारियों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



### स्वच्छता व पेंशन मामलों पर चर्चा

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत कचरा पृथक्करण और 'कबाड़ से जुगाड़ गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेंशन प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, पोषण अभियान सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

### बाखरा, करणपुर और सुकुरपाल में पहुंची प्रशासनिक टीम



**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत विकासखंड कोंडागांव में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति परखने के लिए अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने ग्राम बाखरा, करणपुर और सुकुरपाल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और मैदानी स्तर की चुनौतियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने सर्वे टीमों को निर्देशित किया कि वे एकत्रित सभी जानकारी की ऑनलाइन एंट्री निर्धारित समय सीमा में और पूर्ण सटीकता के साथ करें, ताकि शासन को अद्यतन व विश्वसनीय डेटा मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से लंबित सस्पेंडेड प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र रेफर करने और जांच व उपचार प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को तत्काल लाभ मिल सके। अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने और प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी तैयार करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि इससे लोगों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना संभव होगा। सर्वे के दौरान टीमों को निर्देश दिए गए कि वे ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की गई और आवश्यक सुधार के लिए दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. हरेंद्र बघेल और बीपीएम नीरज सोरी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने टीमों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशासन के इस औचक निरीक्षण से स्पष्ट है कि 'स्वस्थ बस्तर अभियान' को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग और सुधार की प्रक्रिया जारी है।

## जंगल में गंदगी और शराबखोरी पर सख्ती 5000 तक जुर्माना



**कोण्डागांव।** कोंडागांव। ग्राम पंचायत कोकोड़ी ने जंगल क्षेत्र में बढ़ती गंदगी और शराब सेवन की समस्या पर कड़ा रुख अपनाते हुए अहम निर्णय लिया है। पंचायत द्वारा सड़क किनारे सूचना बोर्ड लगाकर स्पष्ट किया गया है कि जंगल में शराब पीना और कचरा फैलाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पंचायत के निर्देशानुसार यदि कोई व्यक्ति जंगल क्षेत्र में शराब का सेवन करते या कचरा फेंकते पाया जाता है, तो उस पर 5000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम अनुशासन बनाए रखने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। पंचायत का मानना है कि जंगल केवल प्रा—तिक संपदा ही नहीं, बल्कि वन्य जीवों का सुरक्षित आवास भी है। ऐसे में गंदगी और शराब सेवन जैसी गतिविधियां पर्यावरण के साथ–साथ वन्य जीवन को भी नुकसान पहुंचाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिकनिक या अन्य कारणों से लोग अक्सर जंगल में शराब पीकर कचरा फैला देते हैं, जिससे आसपास का वातावरण प्रदूषित होता है। पंचायत के इस सख्त निर्णय से अब क्षेत्र में स्वच्छता और अनुशासन कायम होने की उम्मीद है। पंचायत और प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और जंगल को स्वच्छ, सुरक्षित और संरक्षित रखने में सहयोग दें। कोकोड़ी पंचायत की यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है, जो अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है।

# 2 मांगों को लेकर सीपीआई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई जिला परिषद कोंडागांव ने क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंडागांव को प्रस्तुत किया गया, जिसमें बस्तर संभाग के आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी 12 प्रमुख मांगों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की गई।

सीपीआई ने ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायतों में सचिव एवं रोजगार सहायक की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। साथ ही आधार कार्ड में त्रुटियों को सुधारने की प्रक्रिया सरल बनाने की मांग भी उठाई गई, जिससे आम नागरिकों को होने वाली परेशानी दूर हो सके। पार्टी ने बस्तर में उद्योग स्थापना के लिए भूरिया समिति की सिफारिशें लागू करने और स्थानीय युवाओं को तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों में 100 प्रतिशत प्राथमिकता देने की मांग की। इसके अलावा खनन कार्य में भी स्थानीय समितियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। ज्ञापन में वनाधिकार कानून 2008 के तहत पात्र लोगों को अधिकार पत्र देने, शासकीय भूमि पर वषोंर् से निवासरत लोगों को निःशुल्क पट्टा प्रदान करने तथा बस्तर की मूल जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। सीपीआई ने बस्तर संभाग में चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना, जिला अस्पतालों को अत्याधुनिक बनाने, पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र खोलने तथा मनरेगा के तहत 200 दिन रोजगार गारंटी देने की मांग की। साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने और पंचायत स्तर पर अनाज भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।



### किसानों के लिए पेंशन और पर्यावरण संरक्षण की मांग

ज्ञापन में 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को वृद्धावस्था पेंशन देने तथा विकास कार्यों के नाम पर वनों की कटाई पर रोक लगाने और ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य करने की मांग भी शामिल है। सीपीआई ने स्पष्ट किया कि यदि इन समस्याओं पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी जनसमर्थन के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। सीपीआई का यह ज्ञापन बस्तर क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को उजागर करता है, जिनके समाधान से क्षेत्रीय विकास और जनकल्याण को नई दिशा मिल सकती है।

# 6 कॉस्मेटिक दुकानों का औचक निरीक्षण, जांच के लिए सैंपल भेजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में सही दवा शुद्ध आहार–यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के तहत 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व एवं पुलिस विभाग का संयुक्त दल गठित किया गया है। औषधि जांच दल द्वारा 6 कॉस्मेटिक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। संचालकों को दस्तावेज संधारण, एक्सपायर्ड उत्पाद अलग रखने एवं उत्पाद की जानकारी जांचकर खरीदने के निर्देश दिए गए। माजिसा एजेंसी, विकास नगर से एक कॉस्मेटिक सैंपल जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य जांच दल ने गुपचुप ठेला, मोमो सेंटर, चाट कॉर्नर एवं डोसा सेंटर का निरीक्षण कर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। संचालकों को ग्लव्स, कैप, एप्रन का उपयोग करने तथा साफ–सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य पदार्थों में ताजी सामग्री का उपयोग करने एवं खाद्य रंग का प्रयोग निर्धारित मानक के अनुसार करने के निर्देश दिए गए। यह सघन जांच अभियान 15 दिनों तक निरंतर जारी रहेगा, जिसमें निर्धारित मानकों के अनुसार निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

■ 15 दिनों तक चलेगी खाद्य एवं औषधि की सघन जांच

## पेज 9 के शेष

### विकसित बस्तर की...

को दिए। उन्होंने बस्तर के किसानों की बीज की मांग को स्थानीय स्तर पर पूर्ति करने आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य निर्धारित कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों सहित महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि इन वर्गों के किसानों को बीज प्रमाणीकरण पंजीयन शुल्क से छूट प्राप्त है। इसलिए बीज उत्पादन कार्यक्रम से उक्त वर्ग के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पहल करें। इन्हें बीज एवं अन्य आदान सामग्री की उपलब्धता सहित प्रशिक्षण से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने खरीफ फसल सीजन में धान के रकबा में कमी लाने के लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने हेतु कार्ययोजना के अनुसार कोदो-कुटकी एवं रागी मिलेट्स सहित दलहन-तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने कहा। इस दिशा में मक्का की खेती को विशेष तौर पर प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए।साथ ही उच्चहन भूमि यथा टिकरा एवं मरहान भूमि पर आम, काजू, कटहल, सीताफल इत्यादि उद्यानिकी फसलों सहित कंद वर्गीय फसलों में जिमीकंद, रतालू, शकरकंद, अरबी, तिखुर आदि को प्रोत्साहित करने कहा।

### चाट-गुपचुप सेंटरों...

करने की समझाइश दी गई। अधिकारियों ने खाद्य सामग्री तैयार करते समय एप्रन, हैंड ग्लव्स एवं हेड कैप का उपयोग करने, पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट का सेवन नहीं करने तथा वर्ष में कम से कम एक बार स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही उपयोग किए जा रहे पानी की प्रत्येक छह माह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जांच कराने कहा गया। निगरानी के तहत दुकानों से चाट एवं मीठे पानी के नमूने जांच हेतु संकलित किए गए।

### चोरों का आतंक...

पम्प की भी चोरी हो रही है। गांव में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव से सामान चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं लेकिन अब तक चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इससे लोगों में डर और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

### शिवानंद आश्रम में...

बजे तेल हल्दी रस्म की जाएगी। तीन मई दोपहर 12 बजे पाणिग्रहण, लग्न एवं हवन, दोपहर एक बजे आशीर्वाद एवं प्रीतिभोज किया जाएगा। जोड़ों को बर्तन, कपड़े आदि उपहार किया जाएगा।

### माचकोट परिक्षेत्र में...

केंद्रीय जेल जगदलपुर दाखिल कराया गया है। उप वन मण्डलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि वन संपदा की सुरक्षा हेतु निरंतर गश्त एवं निगरानी की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसने के साथ-साथ जनजागरुकता पर भी बल दिया जा रहा है। यह कार्रवाई माचकोट के परिक्षेत्र अधिकारी सुमीत साहा के नेतृत्व में संपादित की गई, जिसमें परिक्षेत्र सहायक बन सिंह कर्मा, बुधसन बघेल, परिसर रक्षक घासीराम बघेल, अरविंद कोर्राम, रमेश कुमार बघेल, मोहन कुमार भारती, राजाराम कश्यप, मोहन कुमार भारती एवं वन प्रबन्धन समिति माचकोट के सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे।

**सतर्कता से रोका अतिक्रमण:** वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि वनों का संरक्षण एवं सुरक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मैदानी अमले की सतर्कता से इस अतिक्रमण को समय रहते रोका गया है। वन अपराधों पर नियंत्रण हेतु विभाग पूर्णतः सजग है।

### मकान होने के...

निर्माण कार्य को बंद किया है, जिसके संबंध में थाना प्रभारी बोधघाट में 23 अप्रैल को सूचना दिया गया। इस पर थाना प्रभारी बोधघाट द्वारा पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध की सूचना के कारण कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। इस संबंध में पार्षद गायत्री बघेल को भी आवेदन दिया, लेकिन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया गया। जबकि लगभग वह 55 वर्षों से रह रही है। घर के मेन गेट पर लगे ताला को तोड़ा, लेकिन पार्षद द्वारा फिर से गेट पर रात में ताला लगा दिए है। इसके चलते उसे पुत्रियों के साथ दर-दर भटकने पड़ रहा है। पत्रवार्ता में पुत्री साधना, मेघा, पूर्व पार्षद अन्य वासी शामिल रहे।

## वाद्य यंत्रों की थाप में किया मांदरी नृत्य, जमकर थिरके पूर्व विधायक

# आदिवासी पहचान बनाए रखना जरूरी: संतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

पूर्व विधायक संतराम नेताम का आमजन के साथ डांस करने और घुलने-मिलने का सिलसिला जारी है। ग्राम तोसकापाल में शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे पूर्व विधायक संतराम नेताम मांदर की थाप पर वह आदिवासियों के साथ जमकर थिरके। हालांकि पूर्व विधायक नेताम इससे पहले भी डांस करते कई वीडियो वायरल हुए हैं, खासकर छत्तीसगढ़ी गीतों पर.. तोसकापाल केशकाल से एक रोचक वीडियो सामने आया है, जहाँ पूर्व विधायक संतराम नेताम आदिवासियों के पारंपरिक वेशभूषा के साथ मांदरी नृत्य की धुन पर झूमते हुए नजर आए। एक कार्यक्रम के दौरान मुरिया जनजाति के पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया, जहाँ पूर्व विधायक ने कलाकारों के साथ कदम से कदम मिलाकर मांदरी नृत्य किए।



### गले में लटकाई मांदर, फिर बजाते हुए थिरके

दरअसल पूर्व विधायक विधायक गुलाब संतराम नेताम सोमवार को क्षेत्र के दौरे के दौरान केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तोसकापाल में एक शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। वहां पर विधायक के स्वागत में ग्रामीण मांदर की थाप पर थिरक ही रहे थे तभी पूर्व विधायक भी ग्रामीणों के बीच पहुंच गए और मांदर मांगकर अपने गले में लटका ली। इसके बाद मांदर बजाते हुए उन्होंने थिरकना शुरू कर दिया। पूर्व विधायक काफी देर तक मांदर बजाते हुए थिरकते रहे। पूर्व विधायक का यह अंदाज लोगों को खूब भाता भी है। उसके बाद अब फिर उनका वीडियो और डांस सुर्खियों में है। पूर्व विधायक इस नृत्य के माध्यम से आदिवासी संस्कृति के प्रति अपना जुड़ाव और उत्साह दिखाते नजर आए। पूर्व विधायक का यह देसी अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### मांदरी नृत्य बस्तर की धड़कन व परंपरा की पहचान

संतराम नेताम ने कहा की मांदरी नृत्य छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में मुरिया और गोंड जनजाति की समृद्ध आदिवासी परंपरा का एक महत्वपूर्ण और जीवंत हिस्सा है। यह नृत्य विशेष रूप से घोटुल संस्था से जुड़ा है। यह नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि आदिवासी युवाओं (लया लयोर) के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक शिक्षा का एक माध्यम भी है। आदिवासी समाज के लोगों को परंपरा के अनुसार एक साथ मिलकर चलना चाहिए। आदिवासी समाज के लोग आज भी अपनी पुरानी परंपरा पर कायम है। यही कारण है कि आदिवासी समाज आगे बढ़ रहा है।

खबर संक्षेप

### वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण व फसल विविधीकरण की दी जानकारी



**गीदम।** पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले के ग्राम- कुंडेनार, ब्लॉक- गीदम में पंचायत राज दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों, किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में गीदम स्थित कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के दो कृषि वैज्ञानिक डीप्रोशन एवं डॉ ईशांत कुमार सुकदेवे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पंचायत राज व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका को विस्तार से समझाया।कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, मृदा परीक्षण, जल संरक्षण तथा फसल विविधीकरण के बारे में जानकारी दी। साथ ही किसानों द्वारा झेली जा रही समस्याओं जैसे सिंचाई की कमी, बीज की उपलब्धता, फसल प्रबंधन एवं बाजार व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनका वैज्ञानिकों द्वारा समाधान प्रस्तुत किया गया और उन्हें व्यावहारिक सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीणों ने पंचायत राज संस्थाओं को मजबूत बनाने तथा कृषि क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

### विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया



**गीदम।** जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके मार्गदर्शन में गीदम विकासखंड में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस वर्ष की थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रेरित, हम कर सकते हैं, अब हमें ही करना होगा के आधार पर कई कार्यक्रम किया गया।
यह कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जावँगा सहित विकासखंड के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रो में आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा ग्रामीणों को मलेरिया के संबंध में उपचार एवं आवश्यक बचाव हेतु विभिन्न जानकारी दी गई। साथ ही साथ जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक संकल्प के साथ काम करने की शपथ दिलाईगई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हितेश ठाकुर ने बताया क मलेरिया की उन्मूलन के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है जिसमें 5 एपीएस अधिक वाले ग्रामों में लगातार लोगों की मलेरिया जांच एवं उपचार तथा लार्वा की समाप्ति के लिए कार्य किया जा रहे हैं।

दुर्गम पहाड़ियों में संगठित रूप से हो रहा है तेंदूपत्ता संग्रहण

# विकास, विश्वास और आजीविका का नया अध्याय बना गोगुंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

- केदार ने कहा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव से तेजी से बदल रहे हालात



सुकमा जिले के दुर्गम वनांचल में स्थित गोगुंडा की पहाड़ियां, जो एक समय नक्सल गतिविधियों के प्रभाव के कारण भय और असुरक्षा का प्रतीक मानी जाती थीं, आज विकास, विश्वास और आजीविका के नए अध्याय की गवाह बन रही हैं। वन विभाग द्वारा इस क्षेत्र में पहली बार तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ किया गया है, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदाय में उत्साह और नई उम्मीद का संचार हुआ है। वन विभाग ने यहां आदिवासी संग्राहकों की सुविधा एवं रोजगार के उद्देश्य से पहाड़ी क्षेत्र में दो नए फड़ गोगुंडा फड़ एवं मिचिगुड़ा फड़ प्रारंभ किए हैं। यह पहली बार है जब इन दुर्गम पहाड़ियों में संगठित रूप से तेंदूपत्ता संग्रहण किया जा रहा है। विभाग को इन दोनों फड़ों से इस सीजन में 200 से अधिक मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय वनवासियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। वर्षों तक नक्सल प्रभाव के कारण यह क्षेत्र शासन की योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं से दूर रहा। ग्रामीणों का जंगल से संबंध केवल जीवन-यापन तक सीमित था, लेकिन बाजार और संस्थागत समर्थन के अभाव में उन्हें वनोपज का उचित लाभ नहीं मिल पाता था। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण निर्मित किए जाने से अब शासन की योजनाएं अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं और वन विभाग को भी ऐसे दुर्गम इलाकों में आजीविका आधारित गतिविधियां प्रारंभ करने का अवसर मिला है।

#### सुनाई देने लगी विकास की नई आहट

तेंदूपत्ता संग्रहण जैसे रोजगारोन्मुखी कार्यों के माध्यम से न केवल स्थानीय आदिवासियों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि शासन और ग्रामीणों के बीच विश्वास का सेतु भी मजबूत होगा। जिन पहाड़ियों पर कभी बंदूक की आवाजें गूंजती थीं, वहां अब तेंदूपत्ता तोड़ते संग्राहकों की चहल-पहल और विकास की नई आहट सुनाई दे रही है। गोगुंडा की पहाड़ियों पर शुरू हुआ यह संग्रहण कार्य इस बात का प्रतीक है कि सुरक्षा, विकास और जनभागीदारी के समन्वित प्रयासों से नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र भी आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई राह पर आगे बढ़ सकते हैं। अब यह क्षेत्र भय का नहीं, बल्कि रोजगार, विश्वास और नए भविष्य की उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहा है।

#### दिखने लगा सकारात्मक परिवर्तनः केदार



वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अब वन विभाग की सक्रिय पहल, सुरक्षा बलों के सतत सहयोग तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव से हालात तेजी से बदल रहे हैं। यह सकारात्मक परिवर्तन सुरक्षा बलों के लगातार सहयोग, क्षेत्र में उनकी सतत उपस्थिति और शांति एवं विश्वास बहाली के निरंतर प्रयासों से संभव हो सका है।

#### वन विभाग दे रहा है स्थायी आजीविका के अवसर



वन मंडालाधिकारी अक्षय दिनकर भोसले बताया कि विभाग का उद्देश्य केवल वनोपज संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि दूरस्थ वनांचलों में रहने वाले आदिवासी परिवारों को स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना और विकास की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है। गोगुंडा और मिचिगुड़ा फड़ की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पेयजल संकट पर सरकार गंभीर नहीं मोदी की गारंटी विफल : लखेश्वर बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने देश में लगातार गहराते पेयजल संकट और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, पृथ्वी की गहराइयों में पानी खिसकता जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस और दूरदर्शी योजना प्रस्तुत नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि जल स्तर इतनी गहराई तक पहुंच चुका है कि सामान्य बोर खनन मशीनों से पानी निकालना कठिन हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार के पास इस संकट से निपटने के लिए कोई प्रभावी रणनीति नहीं है। जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण और स्थायी जल प्रबंधन को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा, पेयजल, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मूलभूत मुद्दों पर पूरी तरह असफल रही है। जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय भाजपा केवल जाति-पांति और धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति कर सत्ता हासिल करना चाहती है। लखेश्वर बघेल ने जल जीवन मिशन पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हर घर नल से जल पहुंचाने की दी गई मोदी गारंटी आज जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल साबित हुई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद देश के अनेक गांवों में आज भी लोगों को स्वच्छ पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। कहीं पाइपलाइन बिछी है लेकिन पानी नहीं आ रहा, तो कहीं निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। कई स्थानों पर भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आई हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जल जीवन मिशन को भी केवल प्रचार और चुनावी लाभ का साधन बना दिया है। वास्तविकता यह है कि ग्रामीण जनता आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रही है। विधायक ने मांग की कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए सभी कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा जिन गांवों में आज तक पेयजल नहीं पहुंचा है, वहां तत्काल योजना को पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि देश की जनता को नारों और विज्ञापनों की नहीं, बल्कि धरातल पर ठोस कार्यों की आवश्यकता है।

### महिलाओं और बच्चों के अधिकारों पर जोर



**बीजापुर।** विशेष ग्राम सभा में ग्रामीण अंचलों में जागरूकता और जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब ग्राम पंचायत कडेर मे खुले प्राकृतिक वातावरण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पेड़ों की छांव में आयोजित इस सभा में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभा के दौरान महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं, संकट की स्थिति में सहायता हेतु महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों में ये सेवाएं उनके लिए कैसे सहारा बन सकती हैं। वहीं, ग्राम पंचायत चिन्नाकवाली में भी ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, घरेलू हिंसा से संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## जब पूरा गांव बना स्कूल का सहारा मांझीगुड़ा में शिक्षा का नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड/बस्तर



बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत तालूर स्थित प्राथमिक शाला मांझीगुड़ा में प्रगति पत्र वितरण समारोह ने शिक्षा और समाज के रिश्ते को नई मिसाल दी। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के पश्चात प्रगति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि पूरा गांव एकजुट होकर इसमें शामिल हुआ। 200 से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति ने आयोजन को जनउत्सव का रूप दे दिया। बच्चों की सफलता पर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से उत्साह व्यक्त किया। विद्यालय में जनसहयोग से आहाता निर्माण, पालकों का श्रमदान और आर्थिक सहयोग इस स्कूल की पहचान बन चुका है। शिक्षक नारायणलाल साहू के प्रयासों से संचालित रात्रिकालीन कक्षाओं ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाई दी है। इसका परिणाम यह रहा कि कक्षा पहली से चौथी तक 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी 'ए' ग्रेड में सफल रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए किचन गार्डन की सराहना की और इसे बस्तर जिले के लिए आदर्श मॉडल बताया। साथ ही पालकों की मांग पर आगामी सत्र से पूर्व शाला भवन की मरम्मत कराने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान शाला परिवार द्वारा ग्रामीणों एवं पालकों के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई जहां अधिकारी और ग्रामीण एक साथ बैठे। यह दृश्य सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक बनकर उभरा। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, बीआरसी अजमर कोर्राम, सरपंच कमलोचन कश्यप, उपसरपंच देवकी कश्यप, संकुल समन्वयक तुलसी कश्यप सुबर्धन कश्यप, सुमेश कश्यप, पिलाशिंग, बलदेव, मुन्ना, किशन, जयदेव, सूर्यपाल, कृष्ण, अनंतराम, दुर्योधन, शंकर, पदम, बालसिंह, पदमन, घसु, मंगलसाय, जगन्नाथ, कुंजवती, रीता, आसमती, मंगरी कश्यप समेत ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शैलेंद्र तिवारी ने किया।




## माहेश्वरी समाज ने खोला प्याऊ राहगीरों को मिलेगी राहत

**गीदम।** माहेश्वरी समाज गीदम द्वारा भीषण गर्मी में राहगीरों की सुविधा के लिए प्याऊ खोला गया। इस पुनीत कार्य में समाज के सभी सदस्य, युवा संगठन और महिला संगठन के पदाधिकारी-सदस्य बढ़-चढ़कर शामिल हुए। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है। प्याऊ के माध्यम से आमजन, राहगीरों और श्रमिकों को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के वरिष्ठजन, युवा संगठन के सदस्य और महिला संगठन की बहनों ने श्रमदान कर सेवा का संकल्प लिया। समाज ने आगे भी जनहित के ऐसे कार्य जारी रखने की बात कही।

### खाद-बीज की उपलब्धता पर करें नियमित कार्यवाही : निगार

**जगदलपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने किसानों की मांग के अनुरूप बीज-खाद और फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बीज-खाद का लक्ष्य के अनुरूप भंडारण एवं निर्धारित नवीन उर्वरक वितरण प्रणाली के माध्यम से किसानों को उर्वरक प्रदाय किया जाए। खाद-बीज के गुण नियंत्रण के लिए नियमित तौर पर निरीक्षण करने सहित जांच एवं कार्यवाही अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज और फसल ऋण सुलभता की नियमित तौर पर समीक्षा करने सहित किसान क्रेडिट कार्ड में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उर्वरक के विकल्प के तौर पर हरी खाद, नील हरित काई एवं जैव उर्वरक के उपयोग के लिए भी अधिकाधिक किसानों को प्रोत्साहित करने कहा और आवश्यक इनपुट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पशुपालन, कुक्कुटपालन, सूकरपालन, बकरापालन सहित मत्स्यपालन और उद्यानिकी फसलों की खेती इत्यादि आनुषांगिक सेक्टरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियद नेल्लानार क्षेत्रों में सभी योजनाओं का सेचुरेशन पर जोर देते हुए वर्तमान में सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने और विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविरों में व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने कहा। बैठक में बस्तर संभाग के अंतर्गत किसानों को लघु सिंचाई साधन की उपलब्धता हेतु प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, सौर सुजला योजना के क्रियान्वयन तथा सिंचाई पम्पों के विद्युतीकरण की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह ने बस्तर संभाग में कृषि विकास एवं आनुषांगिक विभागों उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए इस दिशा में सभी अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए।

## गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली



नगर में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौवंश के संरक्षण और सम्मान हेतु एक विशाल रैली निकाली गई। इस दौरान भारी संख्या में गौ-भक्तों, संत समाज और जागरूक नागरिकों ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के समापन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम एक विस्तृत ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन के साथ संलग्न परिशिष्ट-ई में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों और आम जनता के हस्ताक्षर शामिल हैं, जो यह दर्शाते हैं कि गौवंश संरक्षण अब केवल कुछ लोगों की मांग नहीं, बल्कि पूरे बचेली नगर की सामूहिक आवाज बन चुका है। अभियान के सदस्यों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि भारतीय देशी गौवंश को राष्ट्रमाता का आधिकारिक संवैधानिक दर्जा दिया जाए।

ज्ञापन में 8 प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया गया है, जिनमें शामिल हैं। गौ-हत्या और तस्करी को रोकने के लिए केंद्रीय गौ सेवा एवं संरक्षण अधिनियम लागू कर इसे गैर-जमानती अपराध घोषित किया जाए। केंद्र में एक अलग गौ सेवा मंत्रालय का गठन हो।

पंचम पुण्यतिथि पर
सादर श्रद्धांजलि



स्व. श्रीमती चंद्रिका कौशिक

रो पड़ती है, आंखे हमारी देखके तस्वीर आपकी, जिंदगी ऐसी जी गए की मौत भी शर्मा गई।
जिंदगी जी छोटी लेकिन सबसे अच्छी जी गए, हर जगह सुगंध फैलाकर स्मृति सबके दिलमें रख गए।
प्रभु आपकी दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, साहस, मिलनसार, हमारे सदैव प्रेरणा दायक रहेगें।
आपकी पुण्यतिथि पर सभी परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

विनीत
समस्त पुत्र-पुत्रवधु, पुत्री-दामाद
व समस्त कौशिक परिवार, नगर पंचायत बस्तर

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उच्च न्यायालय का खंडपीठ स्थापना के लिए सभी की सहमति जरूरी



**जगदलपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की खंडपीठ जगदलपुर में स्थापित करने निगम में विशेष सम्मेलन में सर्वसम्मति से संकल्प पारित कर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के समक्ष मांग प्रस्तुत करने को लेकर अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा इस जनहित की मांग पर कांग्रेस पार्षददल का पूरा समर्थन है। कई वर्षों से मांग की जा रही है। यह मांग न सिर्फ न्याय के लिए बल्कि बस्तर वासियों को लगभग 650 से 700 किलोमीटर की दूरी तय कर उच्च न्यायालय तक पहुंचना पड़ता है। जिससे अत्यधिक समय लगने के साथ-साथ आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सामान्य सभा में सर्वसम्मति से संकल्प पारित कर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को भेजना आवश्यक है। कांग्रेस पार्षद दल आग्रह करता हैं। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, पार्षद सूयार्पानी, सुशीला बघेल, जाहिद हुसैन, राकेश मौर, शुभम यदू, आभाष महंती, जस्टिन भवानी, अफरोज बेगम मौजूद रहे।

### माता रुक्मणी फुटबॉल क्लब बनी विजेता



**जगदलपुर।** बालिका 16 वर्ष अस्मिता फुटबॉल लीग का आयोजन भिलाई में 24 से 26 अप्रैल तक दुर्ग फुटबॉल संघ द्वारा अयोजित किया गया था, इसमें 6 टीम ने भाग लिया। माता रुक्मणी फुटबॉल क्लब का पहला मैच युवा स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब भिलाई के साथ खेला गया। इसमें माता रुक्मणी ने 30 गोल किया, दूसरा मैच एमजीएम एम्बुश दुर्ग के साथ खेला गया, जिसमें माता रुक्मणी ने 14 गोल मारे और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। फाइनल मैच यूनिवर्सल गर्ल्स फुटबॉल क्लब दुर्ग के साथ खेला गया, जिसमें माता रुक्मणी फुटबॉल क्लब ने 11 गोल मारकर चैंपियन बनी।

# गौ माता की सेवा और रक्षा के लिए लोगों ने निकाली रैली

## प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

भोपालपटनम में गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत आज सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने एसडीएम कार्यालय में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस अभियान के अंतर्गत ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों से गायत्री परिवार के सदस्य तथा गौसेवक नगर के शिव मंदिर में एकत्रित हुए। वहां से रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर गौ सेवक अनकारी सुधाकर ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को गौमाता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। यदि कहीं गौमाता अस्वस्थ या घायल अवस्था में दिखाई दे तो उनके उपचार हेतु हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि गौसेवा में अपनी सहभागिता निभाए।

यह अभियान जिले के सभी ब्लॉकों में चलाया गया। जहां गौसेवकों ने तहसील एवं राजस्व अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। पिछले दो महीनों से गायत्री परिवार की महिलाएं घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रही है। इस अभियान को सफल बनाने में खेमिन बाई साहू की विशेष भूमिका रही जिनकी मेहनत की सभी ने सराहना की।



### गौसंरक्षण में महत्वपूर्ण पहल

कार्यक्रम में शांता मरकाम, नीला लम्बारी, संतोष अग्गि, कविता कोरम, उमेश गुज्जा, आलोक गुरला, टी गोवर्धन, पी राजू, भवानी कोंडरा सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। नगरवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जागरूकता और गौसंरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर जांच की मांग की

# धान के कस्टम मिलिंग व परिवहन में अनियमितता बरती जा रही : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के कस्टम मिलिंग व परिवहन में अनियमितताओं के संबंध में कलेक्टर आकाश छिकारा को ज्ञापन सौंपा। मौर्य ने बताया 2025-26 में शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से मोटा एवं पतला धान खरीदा गया। बस्तर जिले के लिए कस्टम मिलिंग संबंधी जो नीति निर्धारित की गई वह दुर्भाग्यपूर्ण एवं स्थानीय परिस्थितियों के प्रतिकूल रही। परिणामस्वरूप स्थानीय राइस मिलर्स द्वारा किसानों से उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग नहीं किया गया। इस कारण उपार्जन केंद्रों में किसानों से खरीदा गया धान विगत छह माह से पड़ा हुआ है। उचित रखरखाव के अभाव में धान में सूखत (नुकसान) स्वाभाविक है, जिससे सहकारी समितियों को आर्थिक हानि हो रही है। वर्तमान में शासन द्वारा राज्य विपणन संघ के माध्यम से जिले के उपार्जन एवं संग्रहण केंद्रों से धान को अन्य जिली के राइस मिलर्स को मिलिंग हेतु डीओ जारी किया गया है। परंतु यह देखा जा रहा है कि बाहरी जिलों के राइस मिलर्स निर्धारित मात्रा में धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। बल्कि अपने डीओ स्थानीय मिलर्स को बेच रहे हैं। नियमों के अनुसार वाहनों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए तथा धान की निर्धारित उपार्जन केंद्र से सीधे संबंधित मिल तक पहुंचाया जाना चाहिए। किन्तु जिला विपणन अधिकारी की मिलीभगत से बाहरी मिलर्स द्वारा जीपीएस का दुरुपयोग करते हुए धान का उठाव कर उसे जगदलपुर के स्थानीय मिलर्स को बेचा जा रहा है। इससे बाहरी मिलर्म परिवहन मद में हजारों रुपये का अनुचित लाभ अर्जित कर रहे हैं।

**ओवरलोडिंग कर टैक्स की चोरी :** ज्ञापन में कहा गया कि धान परिवहन के दौरान ओवरलोडिंग भी की जा रही है। निर्धारित मात्रा से अधिक धान भरा जा रहा है। साथ ही फर्जी तरीके से धान की निकासी कर शासन को टैक्स की हानि पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमे संग्रहण केंद्र के कुछ प्रभारियों की भी संलिप्तता प्रतीत होती है।



### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, प्रशांत जैन, यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा, महामंत्री अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, अल्ताफ उल्ला खान, विजेन्द्र ठाकुर, नीतीश शर्मा, सलीम अली मौजूद रहे।

### डीओ की उच्चस्तरीय जांच की जाए

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारी मांग है कि जिले में जारी सभी डीओ की उच्चस्तरीय जांच की जाए। बाहरी मिलर्स द्वारा स्थानीय मिलर्स को बेचे गए डीओ को निरस्त कर संबंधित धान को जब्त किया जाए। धान परिवहन में लगे सभी वाहनों की जीपीएस आधारित कर जांच तत्काल की जाए। उपार्जन एवं संग्रहण केंद्रों में रखे धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया जाए। धान में हुई सूखत एवं क्षति की भरपाई शासन द्वारा की जाए। दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जो मिलर्स पिछले साल तक धान का चावल जमा नहीं किए है उनको डीओ नहीं मिलना चाहिए। और उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिये। जिला प्रशासन एवं राज्य शासन से अपेक्षा है कि इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए किसानों एवं सहकारी संस्थाओं के हित में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारा दायित्व : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विधायक ने किया कुंरदी में 49 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने ग्राम कुंरदी में 49 लाख 10 हजार रूपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा मेरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप ग्राम पंचायत कुंरदी में सीसी सड़क का निर्माण किया जायेगा। इससे गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य किए जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास कार्य करना हमारा लक्ष्य है। क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे हमारा दायित्व है। विकास कार्य तीव्र गति से होगा। जनता ने आज विकास कार्य को लेकर मांग रखी है उसे जल्द पूरा किया जायेगा। निर्माण कार्य में मुख्य मार्ग से हरिश कोटवार घर तक 250 मीटर सड़क लागत 8.50 लाख, डामर सड़क से पंप हाउस तक 260 मीटर लागत 10 लाख रुपए, सीसी सडक पंचायत भवन से दुलारी घर तक 260 मीटर लागत 10 लाख रुपए एवं जाम गुड़ा में सीसी सड़क निर्माण कार्य 480 मीटर लागत 15.60 लाख रुपए, शीतला माता गुड़ी जामगुड़ा में उन्नयन कार्य लागत 5 लाख रुपए से विभिन्न विकास कार्य होंगे।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल प्रभारी रजनीश पानीग्राही, मनोहर तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरि राम मंडावी, सरपंच, सोनमती, चंद्रकांत सेठिया, राजेश ओगले, मनोज बघेल, हरिश बघेल, दलसाय, रामप्रसाद, श्यामबती, मनोज पटेल, सीईओ अमित भाटिया एवं क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740